# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मावली जिला उदयपुर

पीठासीन अधिकारी : रमेश सीरवी पुनाडिया, RAS.

पत्रावली संख्या : 95/22 ( विविध प्रार्थना पत्र )

जीसीएमएस नम्बर : 2022/297

1. श्रीमती कालीबाई पुत्री चनणा जी पत्नी जमनालाल जी जाति भील, उम्म्र वयस्क, निवासी धोला खुटा, खेमली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
2. श्री गोदा पुत्र नंगा जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
3. श्री छगनलाल पुत्र चनणा जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
4. श्रीमती धापूबाई पत्नी चनणा जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
5. श्री पेमा पुत्र चनणा जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
6. श्रीमती प्रतापीबाई पुत्री चनणा जी पत्नी कालु जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी आसोलिया की मादड़ी, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
7. श्री लोगर पिता चनणा जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरघोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)

.................प्रार्थीगण

**बनाम**

1. श्री कुकाराम पुत्र लछु जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
2. श्री कना पिता सरीया जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
3. श्री कमलेश पुत्र लछु जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
4. श्री खिमा पिता लछु जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरघोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
5. श्रीमती गीता पुत्री लछु जी पत्नी स्व० बाबुलाल जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी आसोलियों की मादड़ी, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
6. श्रीमती छगनीबाई पत्नी लछु जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरघोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
7. श्री दूदा पुत्र सरीया जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
8. श्री नंगा पुत्र सरीया जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरघोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
9. बंशीबाई पुत्री लालु जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.12.18 16:49:29 IST
Reason: SelfAttested

10. श्री भगालाल पुत्र लघू जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
11. श्री रामलाल पुत्र लछू जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
12. श्रीमती लेहरीबाई पुत्री लालु जी पत्नी मोहनलाल जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी आसोलिया की मादड़ी, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
13. श्री गोविन्द पुत्र मनुराज जी जाति डांगी, उम्र वयस्क, निवासी सापेटिया, तहसील बड़गाव जिला उदयपुर (राज०)
14. श्रीमती नोजीदेवी पत्नी मनुराज जी जाति डांगी, उम्र वयस्क, निवासी सापेटिया, तहसील बडगाव, जिला उदयपुर (राज०)
15. श्री गोर्धनलाल पुत्र कनीराम जी जाति गुर्जर, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
16. श्री पृथ्वीराज पुत्र कनीराम जी जाति गुर्जर, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
17. श्री भगवानलाल पुत्र कनीराम जी जाति गुर्जर, उम्र वयस्क, निवासी वीरघोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
18. श्री सुमेरलाल पुत्र कनीराम जी जाति गुर्जर, उम्र वयस्क, निवासी वीरघोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
19. श्रीमती रूपीबाई पत्नी कनीराम जी जाति गुर्जर, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
20. कनी पुत्री घीसा जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
21. गमेरी पुत्री घीसा जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
22. श्री गमाना पुत्र घीसा जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
23. श्री कालु पुत्र धन्ना जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
24. श्री तुलसीराम पुत्र धन्ना जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
25. श्रीमती वरदीबाई पत्नी धन्ना जी जाति भील. उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
26. उमा पुत्र लालु जी जाति डांगी, उम्र वयस्क, निवासी कानपुर खेडा तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज०)
27. श्री कन्हैयालाल पुत्र दुदा जी जाति डांगी, उम्र वयस्क, निवासी कानपुर खेड़ा, तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज०)
28. श्री गोर्धनलाल पिता पेमा जी जाति गुर्जर, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
29. श्री जेतराम पुत्र सखा जी जाति गुर्जर, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
30. श्री डालचन्द पुत्र पेमा जी जाति गुर्जर, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.12.18 16:49:29 IST
Reason: SelfAttested

31. श्री तुलसीराम पुत्र भेरा जी जाति गुर्जर, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
32. श्री पृथ्वीराज पुत्र पेमा जी जाति गुर्जर, उम्र बयरक, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
33. श्री प्रभुलाल पुत्र जेतराम जी जाति गुर्जर, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
34. श्रीमती भगवतीबाई उर्फ भागवन्ती पत्नी खेमराज जी जाति तेली. उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
35. श्री रामलाल उर्फ डालचन्द पिता पेमा जी जाति गुर्जर, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
36. श्री भगा पुत्र नंगा जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
37. श्रीमती लसुडी पत्नी बाबुलाल जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी नागो का खेड़ा, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
38. श्रीमती अन्दरी पुत्री नाना जी पत्नी मांगु जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी थामला, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
39. श्री कुका पुत्र नाना जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
40. श्रीमती गणेशी पत्नी कना जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
41. श्रीमती फुली पुत्री नाना जी पत्नी नाना जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी आसोलिया की मादड़ी, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
42. श्रीमती मानी पुत्री कना जी पत्नी चुन्ना जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी चीपीखेड़ा, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
43. श्री रोशन पुत्र सुखा जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
44. श्रीमती लेहरी पुत्री नाना जी पत्नी चेना जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी चन्देसरा, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
45. श्रीमती सवी पुत्री कना जी पत्नी कुका जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी विकरणी, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
46. श्री हरिया पुत्र कना जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरघोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
47. श्री हीरा पुत्र कना जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
48. तुलसी पुत्री धन्ना जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
49. मीरा पुत्री धन्ना जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
50. राधा पुत्री धन्ना जी जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)
51. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार मावली, जिला उदयपुर (राज०)

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.12.18 16:49:29 IST
Reason: SelfAttested

52. पटवारी, पटवार हल्का वीरधोलिया, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज०)

................विपक्षीगण

उपस्थित :— 1. श्री रोशनलाल डांगी, अधिवक्ता प्रार्थीगण।

2. श्री हार्दिक चेचानी, अधिवक्ता विपक्षी सं. 13, 14

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 भू राजस्व अधिनियम

## निर्णय

**दिनांक : 20.11.2024**

1. प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 भू राजस्व अधिनियम के तहत पेश कर निवेदन किया कि ग्राम वीरधोलिया, पटवार हल्का वीरधोलियां, तहसील मावली, के परिशिष्ट (अ) में वर्णित आराजी नम्बर 1799/1738 रकबा 0.5666 हैक्टेयर उपरोक्त आराजी वर्तमान राजस्व रेकर्ड जमाबन्दी में हम प्रार्थीगण के नाम पर हिस्सेनुसार संयुक्त रूप से खातेदारी हक से दर्ज हैं। परिशिष्ट (ब) में वर्णित आराजी नम्बर 2131/1768 0.1862 हैक्टेयर रकबा 0.1862 हैक्टेयर उपरोक्त आराजी वर्तमान राजस्व रेकर्ड जमाबन्दी में हम प्रार्थीगण संख्या 1, 3 से 7 के नाम पर हिस्सेनुसार संयुक्त रूप से खातेदारी हक से दर्ज हैं। परिशिष्ट (स) में वर्णित आराजी नम्बर 2128/1745 रकबा 1.0765 हैक्टेयर उपरोक्त आराजी वर्तमान राजस्व रेकर्ड जमाबन्दी में हम प्रार्थीगण संख्या 1, 3 से 7 के नाम पर हिस्सेनुसार सयुक्त रूप से खातेदारी हक से दर्ज हैं।
2. यहकि प्रार्थना पत्र के परिशिष्ट (अ) में वर्णित हम प्रार्थीगण की आराजी नम्बर 1799/1738 के पडौस निम्न प्रकार है —

   पूर्व — विपक्षी संख्या 1 से 12 की संयुक्त खातेदारी की आराजी नम्बर 1738 की कृषि भूमि।

   पश्चिम — विपक्षी संख्या 13 व 14 की संयुक्त खातेदारी की आराजी नम्बर 2095/1285 की कृषि भूमि।

   उत्तर — विपक्षी संख्या 15 से 19 की संयुक्त खातेदारी की आराजी नम्बर 1286, 1287, 1288 की कृषि भूमि।

   दक्षिण — विपक्षी संख्या 13 व 14 की संयुक्त खातेदारी की आराजी नम्बर 2090/1283 की कृषि भूमि।

   प्रार्थना पत्र के परिशिष्ट (ब) में वर्णित हम प्रार्थीगण की आराजी नम्बर 2131/1768 के पड़ौस निम्न प्रकार है

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.12.18 16:49:29 IST
Reason: SelfAttested

पूर्व – विपक्षी संख्या 20 से 22 की संयुक्त खातेदारी की आराजी नम्बर 1769 मी. की कृषि भूमि।

पश्चिम – विपक्षी संख्या 23 से 25 की संयुक्त खातेदारी की आराजी नम्बर 1767 की कृषि भूमि।

उत्तर – विपक्षी संख्या 26 से 35 की संयुक्त खातेदारी की आराजी नम्बर 1765 की कृ षि भूमि।

दक्षिण – विपक्षी संख्या 36 की खातेदारी की आराजी नम्बर 2132/1768 की कृषि भूमि।

प्रार्थना पत्र के परिशिष्ट (स) में वर्णित हम प्रार्थीगण की आराजी नम्बर 2128/1745 के पड़ौस निम्न प्रकार है

पूर्व – राज सरकार धारित आराजी नम्बर 1745, 1803/1744

पश्चिम – विपक्षी संख्या 13 व 14 की संयुक्त खातेदारी की आराजी नम्बर 2094/1283 की भूमि।

उत्तर – विपक्षी संख्या 37 की संयुक्त खातेदारी की आराजी नम्बर 1744 की कृषि भूमि।

दक्षिण – विपक्षी संख्या 38 से 47 की खातेदारी की आराजी नम्बर 1748 की कृषि भूमि एवं विपक्षी संख्या 48 से 50 की संयुक्त खातेदारी की आराजी नम्बर 1936/1745 की कृषि भूमि।

3. यहकि हम प्रार्थीगण की परिशिष्ट (अ), (ब), (स) में वर्णित कृषि भूमि के विपक्षीगण पड़ौसी है। हम प्रार्थीगण ने हमारी कुलिया कृषि भूमियों के चारो दिशाओ की सीमा पर वर्तमान में कांटो एवं थौहर की बाड़ ही की हुई है जिससे हम प्रार्थीगण की जमीन के आसपास घुमने वाले आवारा मवेशी हमारी जमीन में घुस जाते है और फसलों को नष्ट कर नुकसान पहुँचाते है एवं पडौसी खातेदारान विपक्षी संख्या 1 से 50 से भी सीमा को लेकर हर समय विवाद होने की सम्भावनाए बनी रहती है। इसलिये हम प्रार्थीगण अपनी जमीन की सुरक्षा के लिये उक्त वर्णित कृषि भूमि के चारो तरफ पक्की बाउण्ड्रीवाल/तारबन्दी का निर्माण कराना चाहते हैं। इसलिये हम प्रार्थीगण को हमारी प्रार्थना पत्र के परिशिष्ट (अ), (ब), (स) में वर्णित जमीन की चारों दिशाओ की सीमा की पत्थरगढ़ी करा सीमाकंन कराना आवश्यक है ताकि भविष्य में हमारी भूमि की सीमा को लेकर विपक्षीगण से किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न नही हो और हम प्रार्थीगण हमारी कृषि भूमियों का शांतिपूर्वक उपयोग उपभोग [illegible]।

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.12.18 16:49:29 IST
Reason: SelfAttested

4. यहकि हमारी उक्त वर्णित कृषि भूमि के चारों दिशाओ की सीमा की पत्थरगढी होने से हम प्रार्थीगण अपनी जमीन की सही सीमा पर पक्की बाउण्ड्रीवाल/तारबन्दी का निर्माण करा सकेगें तथा बाउण्ड्रीवाल/तारबन्दी हो जाने से हमारी जमीन भी सुरक्षित रहेगी और उक्त वर्णित जमीन में प्रतिवर्ष बोई जानी वाली फसले भी आवारा मवेशीयो से महफूज रहेगी और आवारा मवेशी हमारी जमीन में घुसकर फसलो को बर्बाद नहीं कर सकेगें एवं हम प्रार्थीगण व्यर्थ के आर्थिक नुकसान होने से भी बच सकेगें। साथ पड़ौसी सहखातेदारान विपक्षी संख्या 1 से 50 के साथ भी सीमा को लेकर कोई व्यर्थ का विवाद नही होगा। इसलिये हमारी उक्त कृषि भूमि की चारों दिशाओ की सीमा की पत्थरगढ़ी कराना जरूरी हो गया है। इसलिये यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत है।
5. यहकि हम प्रार्थीगण को प्रार्थना पत्र कारण 02.03 2022 को उत्पन्न हुआ जब हमने तहसीलदार मावली एवं पटवारी हल्का को हमारी जमीन की चारो दिशा की सीमा का सीमाकंन करवाकर पत्थरगढी करने हेतु निवेदन किया तो तहसीलदार मावली व पटवारी हल्का ने पत्थरगढी हेतु एस०डी०ओ० कोर्ट से आदेश लाने की बात कही, तब उत्पन्न हुआ और उत्पन्न होकर निरन्तर जारी है।
6. अन्त में निवेदन किया कि हम प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर इस आशय का आदेश फरमाया जावें कि प्रार्थना पत्र के परिशिष्ट (अ), (ब), (स) में वर्णित हम प्रार्थीगण की खातेदारी की कृषि भूमियों की चारों दिशाओ की सीमा की पत्थरगढ़ी कराई जाकर सीमाकंन कराया जावें तथा हम प्रार्थीगण की खातेदारी की कृषि भूमि पर विपक्षी संख्या 1 से 50 का अवैध कब्जा एवं निर्माण पाया जावें तो हमारी कृषि भूमि से विपक्षी संख्या 1 से 50 के खर्चे से इनका अवैध कब्जा एवं निर्माण हटवाया जाकर हमारी कृषि भूमि का कब्जा हम प्रार्थीगण को सुपुर्द किये जाने हेतु आदेशित किया जावें।
7. प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर विपक्षीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। विपक्षी संख्या 1, 3 से 6, 9 से 12, 15 से 17, 21, 23, 24, 28 से 30, 32 से 35, 37 से 47 बावजूद सूचना अनुपस्थित रहने पर इनके विरूद्व पूर्व में एकतरफा कार्यवाही के आदेश पारित किये जा चुके हैं। विपक्षी संख्या 2, 7, 8, 18, 19, 25, 31, 36 फौत हो चुके हैं जिनके विरूद्व अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं चाहने से इनके विरूद्व कार्यवाही ड्रोप किया जाने का निवेदन किया। विपक्षी संख्या 13, 14 को पर्याप्त अवसर दिये जाने पर भी जवाब पेश नहीं किया।
8. विद्वान अधिवक्ता उभय पक्षकारान की बहस सुनी गई। दस्तावेजात का अवलोकन किया। पत्रावली के तथ्यों पर मनन् किया। हम इस निष्कर्ष पर पहुॅचें है कि मौजा वीरधोलिया पटवार हल्का वीरधोलिया तहसील मावली हाल घासा जिला उदयपुर की

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Purnadia
Date: 2024.12.18 16:49:29 IST
Reason: SelfAttested

नकल जमाबंदी संवत 2077—80 के खाता संख्या 91 पर दर्ज आराजी नम्बर 1799/1738 किता 1 रकबा 0.5666 हेक्टेयर, खाता संख्या 93 पर दर्ज आराजी नम्बर 2131/1768 किता 1 रकबा 0.1862 हेक्टेयर एवं खाता संख्या 92 पर दर्ज आराजी नम्बर 2128/1745 किता 1 रकबा 1.0765 हेक्टेयर भूमि के प्रार्थीगण खातेदार काश्तकार होकर प्रार्थीगण के नाम खातेदारी अधिकार से दर्ज है। उक्त आराजीयात में विपक्षीगण का कोई हक हिस्सा निहित नही है। इसलिये प्रार्थीगण को अपनी खातेदारी हक की आराजियात की पत्थरगड़ी कराने का पूर्ण अधिकार है। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र न्यायहित में स्वीकार योग्य पाया जाता हैं।

9. अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 भू राजस्व अधिनियम का स्वीकार किया जाकर पत्थरगड़ी कराने बाबत 1000/—रूपये शुल्क पर तहसीलदार घासा को कमिश्नर नियुक्त किया जाकर आदेशित किया जाता है कि मौजा वीरधोलिया पटवार हल्का वीरधोलिया तहसील मावली हाल घासा जिला उदयपुर की नकल जमाबंदी संवत 2077—80 के खाता संख्या 91 पर दर्ज आराजी नम्बर 1799/1738 किता 1 रकबा 0.5666 हेक्टेयर, खाता संख्या 93 पर दर्ज आराजी नम्बर 2131/1768 किता 1 रकबा 0.1862 हेक्टेयर एवं खाता संख्या 92 पर दर्ज आराजी नम्बर 2128/1745 किता 1 रकबा 1.0765 हेक्टेयर भूमि के चारों दिशाओं का पुख्ता सीमांकन किया जाकर पत्थरगड़ी प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण की उपस्थिति में की जावे। फीस कमिश्नर प्रार्थीगण मौके पर अदा करें।

10. तहसीलदार घासा को लिखा जावे । पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो ।

11. निर्णय सरे ईजलास में सुनाया गया ।

( रमेश सीरवी पुनाडिया ) R.A.S.
उपखण्ड अधिकारी मावली
जिला उदयपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.12.18 16:49:29 IST
Reason: SelfAttested